28 फरवरी, 2022 कार्यकारी आदेश 2022-06

**कार्यकारी आदेश 2022-06**
**(कोविड-19 कार्यकारी आदेश सं. 101)**

**जबकि**, मार्च 2020 की शुरुआत से ही, इलिनॉय ने एक ऐसी वैश्विक-महामारी का सामना किया है, जो असाधारण रूप से बीमारी एवं जनहानि का कारण बनी है, तथा 3,031,200, से भी अधिक लोगों को संक्रमित कर चुकी है और इसने 32,700 से अधिक निवासियों की जान ले ली है; और,

**जबकि**, जैसे इलिनॉय कोरोनावायरस रोग 2019 (कोविड-19) द्वारा उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा का सामना करना जारी रखता है, जो कि एक बिलकुल नया, गंभीर, तीव्र श्वसन रोग है जो श्वसन संचरण के माध्यम से तेज़ी से फैलता है, इससे संपूर्ण राज्य के निवासियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, प्रथम उत्तरदाताओं और सरकारों पर जो भारी दबाव पड़ा है वह अभूतपूर्व रहा है; और,

**जबकि**, इलिनॉय के निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा राज्य सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है; और,

**जबकि,** महामारी के दौरान कई वेरिएंट सामने आए हैं, जिनमें प्रत्येक अलग-अलग संचरण क्षमता और गंभीरता शामिल है; और,

**जबकि,** इस महामारी में भविष्य में क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी करना मुश्किल है, और इसका मतलब यह है कि साबित महामारी को रोकने वाले कार्य जैसे कि सामाजिक दूरी, चेहरे को ढंकना और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सावधानियाँ जो कोविड-19 के प्रसार को धीमा करने और रोकने के लिए महत्वपूर्ण हैं, उनकी फिर से आवश्यकता पड़ सकती है।

**जबकि**, हाल ही के हफ्तों में अस्पताल में भर्ती होने और संक्रमण के फैलने में इलिनॉय राज्य में व्यापक सुधार हुआ है; तथा

**जबकि**, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) ने K-12 सेटिंग्स सहित यूनिवर्सल इनडोर मास्किंग के लिए अपनी सिफारिश को हटाने के लिए 25 फरवरी, 2022 को संशोधित मार्गदर्शन जारी किया है; तथा,

**जबकि**, उस मार्गदर्शन ने कोविड-19 से ग्रस्त अस्पताल में दाखिले, इनपेशेंट बेड की उपलब्धता और कोविड-19 मामलों की संख्या के आधार पर सामुदायिक कोविड-19 स्तरों का आकलन करने के लिए एक ढांचा प्रदान किया है; तथा,

**जबकि,** अब CDC का मार्गदर्शन केवल उन समुदायों में यूनिवर्सल मास्किंग की सिफारिश करता है जिनमें कोविड-19 का स्तर अधिक है; तथा,

**जबकि,** CDC यह सलाह देना जारी रखता है कि कुछ सामुदायिक सेटिंग्स, जैसे कि स्कूल और उच्च-जोखिम वाली सामूहिक सेटिंग्स को उन सेटिंग की विशेषताओं के आधार पर और प्रकोप की स्थिति में रोकथाम की अतिरिक्त पड़ावों की आवश्यकता हो सकती है; तथा,

**जबकि,** राज्य के आदेश के बिना भी, K-12 स्कूल, चाइल्डकैअर सुविधाएँ, और अन्य सेटिंग्स सामुदायिक कोविड-19 स्तर और सेटिंग की अन्य विशेषताओं के आधार पर लोगों द्वारा फेस मास्क पहनने की आवश्यकता का चयन कर सकती हैं; तथा,

**जबकि,** कुछ नियोक्ताओं ने सामूहिक बार्गेनिंग समझौतों किए है, जिसके लिए कुछ सेटिंग्स में लोगों को फेस मास्क पहनने की आवश्यकता होती है; तथा,

**जबकि,** CDC यह सिफारिश करना जारी रखता है कि जो व्यक्ति प्रतिरक्षित हैं या गंभीर बीमारी के लिए उच्च जोखिम पर हैं, वे सार्वजनिक रूप से घर के अंदर एक अच्छी तरह से फिट होने वाले मास्क को पहनने पर विचार करें, जब समुदाय कोविड-19 का स्तर अधिक होता है; तथा,

**जबकि,** CDC यह सिफारिश करना जारी रखता है कि लक्षण वाले लोग, पॉजिटिव टेस्ट वाले लोग, या कोविड-19 वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में आने वाले लोग मास्क पहनें; तथा,

**जबकि**, लोग किसी भी समय मास्क पहनना चुन सकते हैं; तथा,

**जबकि**, 4 फरवरी, 2022 को, कोविड-19 के जारी प्रसार के अपेक्षित रूप से जारी रहने, और राज्य भर के लोगों द्वारा आगामी महीनों में जो लगातार हो रहे स्वास्थ्य संबंधी एवं आर्थिक प्रभाव महसूस किए जाएंगे उनपर विचार करते हुए, मैंने इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया था; और,

**इसलिए,** इलिनॉय राज्य के गवर्नर के रूप में मुझ में निहित ताकतों, इलिनॉय के संविधान और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, (Illinois Emergency Management Agency Act) 20 ILCS 3305 की धारा 7(1), 7(2), 7(3), 7(8), 7(9), और 7(12) के अनुसार और लोक स्वास्थ्य कानूनों की ताकतों के अनुरूप, मैं 28 फरवरी, 2022 से प्रभावी, निम्नलिखित आदेश दे रहा हूँ:

**<u>अनुभाग 1: परिभाषाएँ.</u>**

a. "हेल्थकेयर सेटिंग्स" का मतलब उन स्थानों से है जहाँ स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की जाती है और इसमें तीव्र देखभाल सुविधाएँ, दीर्घकालिक तीव्र देखभाल सुविधाएँ, इनपेशेंट पुनर्वास सुविधाएँ, नर्सिंग होम, घरेलू स्वास्थ्य देखभाल, वाहन जहाँ स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की जाती है (उदाहरण के लिए, मोबाइल क्लीनिक और एम्बुलेंस), और आउट पेशेंट सुविधाएँ, जैसे डायलिसिस केंद्र, चिकित्सक कार्यालय, दंत कार्यालय, एम्बुलेटरी सर्जिकल उपचार केंद्र, और अन्य शामिल हैं, लेकिन यह केवल इन तक ही सीमित नहीं हैं।
b. "दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं" का मतलब है नर्सिंग होम केयर अधिनियम, MC/DD अधिनियम के ID/DD सामुदायिक देखभाल अधिनियम के तहत लाइसेंस प्राप्त कुशल और मध्यवर्ती दीर्घकालिक देखभाल सुविधाएँ; विशिष्ट मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास सुविधाएँ; असिस्टेड लिविंग सुविधा; और सहायक सुविधाएँ।

**<u>अनुभाग 2: फेस कवरिंग आवश्यकताएँ।</u>**

a. कार्यकारी आदेश 2021-18 की धारा 1(a) और 2(a) और कार्यकारी आदेश 2021-22 की धारा 1 को अब से रद्द किया जाता है।
b. इलिनॉय में सभी दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं को CDC और IDPH द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना जारी रखना चाहिए, जो दो साल से अधिक उम्र के लोगों द्वारा सामूहिक सुविधाओं में फेस कवरिंग के उपयोग के संबंध में हैं और उनके लिए जो चिकित्सकीय रूप से फेस कवरिंग को सहन करने में सक्षम हैं।

c. टीकाकरण के स्टेटस की परवाह किए बिना सभी व्यक्तियों को निम्नलिखित स्थितियों में फेस कवर करना जारी रखना होगा (1) जहाँ संघीय रूप से आवश्यक हो; (2) विमानों, बसों, ट्रेनों और सार्वजनिक परिवहन के अन्य रूपों पर और हवाई अड्डों और ट्रेन और बस स्टेशनों जैसे परिवहन केंद्रों में; (3) सुधारात्मक सुविधाओं और बेघर आश्रयों जैसी सामूहिक सुविधाओं में; और (4) हेल्थकेयर सेटिंग्स में। यह प्रावधान सार्वजनिक या निजी स्कूल प्रणालियों द्वारा संचालित बसों या वैन, जिनमें प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा/बाल देखभाल कार्यक्रमों द्वारा संचालित बसों या वैन शामिल हैं, पर लागू नहीं होता है।
d. इस कार्यकारी आदेश में ऐसा कुछ भी नहीं है जो किसी व्यक्ति को फेस कवरिंग या सार्वजनिक या निजी संस्था को कुछ सेटिंग्स में फेस कवरिंग की आवश्यकता को चुनने से प्रतिबंधित करता है।
e. इस कार्यकारी आदेश में ऐसा कुछ भी नहीं है जो फेस कवरिंग के संबंध में सामूहिक बार्गनिंग समझौते की प्रासंगिकता को प्रभावित करता है।

**अनुभाग 3: संचय खंड (सेविंग्स क्लौज़)।** यदि इस सरकारी आदेश के किसी भी प्रावधान या उपयोग को किसी व्यक्ति या परिस्थिति के लिए सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी न्यायालय द्वारा अवैध ठहराया जाता है, तो यह अवैधता किसी अन्य प्रावधान या इस सरकारी आदेश के लागू करने को प्रभावित नहीं करती है, जिसे बिना अवैध प्रावधान के या आवेदन के प्रभावी किया जा सकता है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, इस कार्यकारी आदेश के प्रावधानों को अलग किया जा सकता है।

______________________
**JB Pritzker, गवर्नर**

गवर्नर द्वारा 28 फरवरी, 2022 को जारी किया गया
28 फरवरी, 2022 को राज्य सचिव द्वारा दायर किया गया